Patrika 23-08-2018

आइएनएइ यूथ कॉन्क्लेव

7500 टीमों में आइपीएस के स्टूडेंट्स को मिला तीसरा स्थान

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर • आइपीएस एकेडमी (इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस) के कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने आइआइटी खड़गपुर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुए द्वितीय इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ लॉ इंजीनियरिंग आइएनएइ यूथ कॉन्क्लेव में तीसरा स्थान हासिल किया। इसकी थीम स्वच्छ भारत थी। इसमें देश के सभी टेक्निकल कॉलेजों के स्टूडेंट्स को हर साल यूथ कॉन्क्लेव आयोजित कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका दिया जाता है।

सेंसर से अलग-अलग हो जाएगा कचरा

स्टूडेंट्स ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक ऐसा स्मार्ट डस्टबिन बनाया जो सूखा, गीला व प्लास्टिक कचरा ऑटोमेटिक अलग-अलग कर सकता है। यह स्मार्ट डस्टबिन भारत में अपनी तरह का पहला डस्टबिन है। इसमें मॉइश्चराइजर पर आधारित कचरों को सेंसर की सहायता से अलग-अलग किया जा सकता है।

कॉन्क्लेव में पूरे देश से 7500 टीमों ने हिस्सा लिया था। पुरस्कार स्वरूप स्टूडेंट्स को 15 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई। फाइनल कॉन्क्लेव में सिर्फ टॉप 35 चयनीत टीमों ने आइपीएस एकेडमी के कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने तीसरा स्थान प्राप्त कर 25 हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्राप्त की। इन स्टूडेंट्स में हर्ष अजमेरा, प्रखर पांडे, मोहक माहेश्वरी, पयोधी चांडक, शुभम जोशी, अलिशा मंसूरी सहित कई स्टूडेंट्स थे। आइपीएस एकेडमी परिवार के अध्यक्ष आर्किटेक्ट अचल चौधरी, प्रिंसिपल डॉ. अर्चना कीर्ति चौधरी एवं कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर राजेश कुमार कौशल ने सभी को बधाई दी।